शेजवार , डॉ. गौरीशंकर

भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन क्षेत्र- सांची (142)

पिता का नाम-	स्व. श्री शिवचरण
जन्म तिथि-	01 जुलाई,1950
जन्म स्थान-	उदयपुरा, जिला-रायसेन (म.प्र.)
वैवाहिक स्थिति-	विवाहित
पत्नी-	डॉ. श्रीमती किरण शेजवार
संतान-	1 पुत्र, 2 पुत्रियाँ
शैक्षणिक योग्यता-	एम.बी.बी.एस.
व्यवसाय-	कृषि
अभिरुचि-	बैडमिंटन, ग्रामों में भ्रमण
स्थायी पता-	ग्राम बारला, पो.-माखनी, जिला-रायसेन (म.प्र.) मोबाइल-9981340074 ई-मेल- gs.shejwar@mpvidhansabha.nic.in
स्थानीय पता-	बी-10, चार इमली, भोपाल (म.प्र.)दूरभाष-(0755) 2441377, 2441081

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

बाल्यावस्था से राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवक एवं छात्र जीवन से जनसंघ का कार्य. छात्र राजनीति में सक्रिय तथा गांधी मेडीकल कालेज, भोपाल में छात्र संघ के पदाधिकारी. 1977 में छठी विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं संसदीय सचिव लोक स्वास्थ्य तथा परिवार कल्याण विभाग रहे. जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष. 1980 में सातवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं भा.ज.पा. विधायक दल के सचिव तथा लोक लेखा और याचिका समिति के सदस्य. 1990 में नौवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. प्रत्यायुक्त विधान समिति के सभापति. तदनंतर राज्य मंत्री गृह, विमानन, सामान्य प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रहे. 1993 में दसवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं लोक लेखा समिति के सभापति और कार्य मंत्रणा समिति के सदस्य. भा.ज.पा. विधायक दल के महासचिव. अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष. 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं 2 फरवरी, 1999 से 1 सितंबर, 2002 तक नेता प्रतिपक्ष, म.प्र. विधान सभा रहे. विधान सभा की विशेष समिति के सभापति. भा.ज.पा. की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य. 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित तथा मंत्री, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, ऊर्जा, सामान्य प्रशासन, स्कूल शिक्षा, अनुसूचित जाति कल्याण, समाज कल्याण, जैव विविधता एवं जैव प्रौद्योगिकी विभाग रहे. भा.ज.पा. के प्रदेश उपाध्यक्ष.

सन् 2013 में सातवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सम्प्रति: मंत्री, वन, योजना,आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग.

सिंह , श्री रामपाल

भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन क्षेत्र- सिलवानी (143)

पिता का नाम-	स्व. श्री जुझार सिंह
जन्म तिथि-	04 जनवरी,1956
जन्म स्थान-	केवट पिपरिया तह. उदयपुरा जिला रायसेन
वैवाहिक स्थिति-	विवाहित
पत्नी-	श्रीमती शशि प्रभा राजपूत
संतान-	3 पुत्र, 1 पुत्री
शैक्षणिक योग्यता-	बी.ए., एल.एल.बी., वैद्यरत्न
व्यवसाय-	कृषि
अभिरुचि-	समाज सेवा, ग्रामीण विकास, कृषि
स्थायी पता-	(1) वार्ड 17 स्टेट बैंक के सामने, दशहरा मैदान के पास, तह. बेगमगंज (रायसेन) (2) ग्राम केवट पिपरिया, तह. उदयपुरा, जिला-रायसेन (म.प्र.)(3) लक्ष्मी चौक, उदयपुरा, जिला-रायसेन (म.प्र.) दूरभाष-(07485) 270400 मोबाइल-9425007397 ई-मेल-rampal.singh@mpvidhansabha.nic.in
स्थानीय पता-	सी-15, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) दूरभाष-(0755) 2550665, 2573805

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

1980-81 में शासकीय महाविद्यालय, बरेली के छात्र संघ अध्यक्ष तथा भोपाल विश्र्वविद्यालय की कार्यकारिणी के सदस्य. सन् 1989 में भा.ज.यु. मोर्चा, रायसेन के उपाध्यक्ष तथा इसकी प्रदेश कार्यकारिणी के विशेष आमंत्रित सदस्य. 1990 में नौवीं, 1993 में दसवीं एवं 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. याचिका, सार्वजनिक उपक्रम, विशेषाधिकार समिति तथा ऊर्जा विभाग की परामर्शदात्री समिति के सदस्य. सन् 2003 में बारहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तदनंतर मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं सामाजिक न्याय विभाग. सन् 2003 में भा.ज.पा. जिला रायसेन के अध्यक्ष. सन् 2006 में लोक सभा सदस्य निर्वाचित. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, वन एवं पर्यावरण संबंधी विभागीय समितियों के सदस्य. वर्ष 2010 में भा.ज.पा., मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष. वर्ष 2011 से अध्यक्ष, मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अद्योसंरचना विकास मण्डल बोर्ड.

सन् 2013 में पांचवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सम्प्रति: मंत्री, लोक निर्माण, विधि और विधायी कार्य विभाग.

पटवा, श्री सुरेन्द्र

भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन क्षेत्र- भोजपुर (141)

पिता का नाम-	श्री समरथमल पटवा
जन्म तिथि-	19 जनवरी,1964
जन्म स्थान-	मनासा, जिला-नीमच (म.प्र.)
वैवाहिक स्थिति-	विवाहित
पत्नी-	श्रीमती मोनिका पटवा
संतान-	1 पुत्र, 1 पुत्री
शैक्षणिक योग्यता-	स्नातक
व्यवसाय-	महिन्द्रा वाहन शोरूम डीलर
अभिरुचि-	समाज सेवा
स्थायी पता-	34 गुलमर्ग कालोनी, जिला-इन्दौर (म.प्र.) मोबाइल-9826082145 ई-मेल- surendra.patwa@mpvidhansabha.nic.in
स्थानीय पता-	बी-4,(74 बंगले) स्वामी दयानंद नगर, भोपाल(म.प्र.)दूरभाष-(0755) 2551446, 2558775, 2441228

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

सन् 2008 में तेरहवीं विधान सभा के सदस्य निर्वाचित. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम. यूनिक पहचान प्राधिकरण परियोजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी तथा मार्गदर्शन हेतु पुनर्गठित और आबकारी व्यवस्था वर्ष 2014-15 के अध्यधीन अनुषांगिक निर्णय हेतु गठित मंत्री परिषद समितियों के सदस्य.

सन् 2013 में दूसरी बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.

सम्प्रति: राज्यमंत्री, संस्कृति (स्वतंत्र प्रभार), पर्यटन (स्वतंत्र प्रभार), किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग.

पटेल, श्री रामकिशन

भारतीय जनता पार्टी

निर्वाचन क्षेत्र- उदयपुरा (140)

पिता का नाम-	श्री भैयालाल पटेल
जन्म तिथि-	05 जुलाई,1948
जन्म स्थान-	कोटपार गणेश
वैवाहिक स्थिति-	विवाहित
पत्नी-	श्रीमती कौशल्या बाई
संतान-	2 पुत्र ,1 पुत्री
शैक्षणिक योग्यता-	हायर सेकेण्डरी
व्यवसाय-	कृषि
अभिरुचि-	समाज सेवा
स्थायी पता-	ग्राम-कोटपार गणेश, पो.-समनापुर जागीर, तह.-बरेली, जिला-रायसेन (म.प्र.) मोबाइल-09425437632, 07697552583
स्थानीय पता-	विधायक विश्राम गृह,खण्ड-1 ,कमरा नं.24-25 ,भोपाल.

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

सन् 2013 में पहली बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.